STATEMENT

Number of chapters and pages in the old and new text-books in Science and Mat he-matics for Classes X and XII brought out by the N C E R T

Class	Subject Text-books	Number of Chapters Old	Number of Chapters New Text-books	Number of Pages Old Text-books	Number of Pages New Text-books
X	Science (Physics, Chemistry & Biology)	27	13 (Integrated Course)	430	178
•	Mathematics	16	13	252	310
XII			15	226	511*
	Chemistry	2 1	18	403	397
			37	407	668
	Mathematics	21	14	629	656

•Includes 114 pages of answers with hints, life sketches, appendix etc.

हिमाचल प्रदेश के संस्कृति महाविद्यालय का प्रबन्धग्रहण

*1801. **श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में चांगला स्थित संस्कृति महाविद्यालय का संचालन अपने हाथ में ले लिया है, यदि हां, तो इसके प्रबंध के लिए किस प्रकार की व्यवस्था की गई है ;

(ख) इस महाविद्यालय में किन नियमों के अंतर्गत कर्मचारियों की नियुक्तियां की गई हैं या की जा रही हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि वहां पर नियुक्त किये गए अधिकांश कर्मचारी इस महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के परिवारों के हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इसको रोकने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम०जी०के० मेनन)

(क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

प्रोजेक्ट टाइगर में टाइगरों और अन्य जानवरों की संख्या

1802. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश की विभिन्न टाइगर प्रोजेक्टों और अन्य जंगलों में टाइगरों और अन्य जानवरों की कितनी-कितनी संख्या है और इनके संरक्षण पर प्रतिवर्ष कितनी राशि खर्च की जा रही है ; और

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कुछ दिन पूर्व सवाई-माधोपुर जिले में केलादेवी वन क्षेत्र में दो टाइगरों को मार दिया गया था ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?